## संक्षिप्त

### पर्यटन उद्योग में नए करारों पर मंथन

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर में आयोजित प्रथम राजस्थान ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर के दूसरे दिन चित्रकूट नगर स्थित थर्ड स्पेस में आयोजन स्थल पर उत्साह और रौनक चरम पर रही। 9 से 11 जनवरी तक चल रहे इस तीन दिवसीय आयोजन में होटल, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग से जुडे देशभर के व्यवसायियों, ट्रैवल एक्सपर्ट्स और टूर ऑपरेटर्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। आयोजक कमल शाह ने बताया कि राजस्थान ट्रैवल एंड टूरि म फेयर के दूसरे दिन विशेष रूप से बी-टू-बी मीटिंग्स, बिजनेस नेटवर्किंग और पर्यटन साझेदारियों पर फोकस किया गया। विभिन्न राज्यों से आए होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंसियों और टूर ऑपरेटर्स के बीच पर्यटन पैकेज, होटल टाई-अप, ट्रैवल सर्विसेज और प्रमोशनल सहयोग को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। राजस्थान ट्रैवल एंड टूरि म फेयर उदयपुर के पर्यटन उद्योग के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। इस अवसर पर सभी पर्यटन और होटल संस्थाओं से जुडे लोगो ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाइ दूसरे दिन एक्सपो में लगे विभिन्न स्टॉल्स पर होटल, रिसॉर्ट्स, होम-स्टे, हेरिटेज प्रॉपर्टीज, ट्रैवल पैकेज और पर्यटन सेवाओं से जुडे नवाचारों को प्रस्तुत किया गया। आगंतुकों ने जानकारी लेने के साथ-साथ व्यापारिक सहयोग को लेकर भी रुचि दिखाई।

### अवैध डोडा चुरा, पिस्टल मय कारतूस बरामद

**उदयपुर**, (कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध डोडा चुरा एवं देशी पिस्टल मय कारतूस सहित कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन प्रतापनगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह चारण के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग 76 अंबेरी की तरफ जाने वाली रोड़ के साईड में काठीयावाड़ी ढाबा एंड रेस्टारेंन्ट के सामने पल्ओी खई हुई कार में अवैध डोडा चुरा भरा है। इस पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर प्लास्टीक के कट्टों में भरा 436 किलों 350 ठााम अवैध डोडा चुरा, विभिन्न नंबरों की पांच प्लेंट, कार से एक देशी पिस्टय मय 6 कारतूस जब्त कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### छात्राओं को मिला भ्रमण का अवसर

**उदयपुर**, (कासं)।आईआईएफएल फाउंडेशन, मुंबई द्वारा शैक्षिणक सहयोग के अंतर्गत स्थानीय उठासेन कुमारी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कानोड़ को 70 सेट प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय की 101 छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ को उदयपुर स्थित सिटी पैलेस का शैक्षिणक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्राओं की वाहन व्यवस्था एवं समस्त यात्रा व्यय आईआईएफएल फाउंडेशन द्वारा वहन किया गया। शैक्षिणक भ्रमण के दौरान छात्राओं को ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों की जानकारी मिली, जिससे उनके शैक्षिणक ज्ञान में वृद्धि हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य महोदया श्रीमती अर्चना राव के साथ कविता, ज्योति रांका, केशव लाल शर्मा, धनराज मीणा, राजेश यादव एवं राकेश गर्ग का सराहनीय सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने इस सराहनीय पहल के लिए आईआईएफएल फाउंडेशन, मुंबई के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नानीबाई रो मायरो कथा आज से

**राजसमन्द**, (निसं)। राजनगर क्षेत्र में गुडा-सनवाड स्थित गौरक्षक गौशाला में आयोजित चार दिवसीय नानीबाई रो मायरो कथा महोत्सव रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा जिसके अन्तर्गत सुरभि महायज्ञ, गौ आवास व गौ प्रसाद गृह लोकार्पण सहित विविध कार्यक्रम होंगे। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा धर्म-अध्यात्म से जुडे महोत्सव में अधिकाधिक धर्मप्रेमियों की सहभागिता को लेकर क्षेत्रभर में सघन जन सम्पर्क जारी है। गौरक्षक गौशाला संस्थान सनवाड की ओर से मकर सक्रांति महा महोत्सव के रूप में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को सुबह नौ बजे राजनगर स्थित फ व्वारा चौक से गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से कलश यात्रा रवाना होगी जो मुख्य मार्गो पर होते हुए आरटीओ ट्रेक के पास गुडा सनवाड स्थित गौशाला प्रांगण पहुंचेगी। वहां विधिपूर्वक कलश पूजन, व्यासपीठ पूजन सहित अन्य धार्मिक रस्म निर्वहन उपरांत नानीबाई रो मायरो कथा शुरू होगी।

# अग्रवाल सम्मेलन संस्थान का परिचय सम्मेलन आज

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान द्वारा आयोजित अग्रवाल युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन 2026 का आगाज शनिवार को परिचय सम्मेलन की पुस्तिका अग्र परिचायिका 2026 एवं श्री अग्रसेन वार्षिक कैलेंडर का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी प्रकाश अग्रवाल, संजय निमोदिया, वीणा अग्रवाल रविंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल,

> ■ अग्र परिचायिका 2026 एवं अग्रसेन कैलेंडर का हुआ विमोचन

कार्यक्रम संयोजक सुरेश अग्रवाल, जिला पदाधिकारी चंचल कुमार अग्रवाल, सीपी बंसल, महिला समिति की नीतू गुप्ता, अंजना मित्तल, रितु अग्रवाल अग्रवाल, युवा सम्मेलन के डॉ नवनीत अग्रवाल, विक्रम अठावाल, नितेश बैराठी, हनुमान गुप्ता, जगदीप मंगल जगदीश मंगल रमेश तायलिया, नंदलाल अग्रवाल, घनश्याम मंगल, रामचंद्र अग्रवाल, घनश्याम मित्तल, बालमुकुंद पित्ती, विमल मंगल, ओमप्रकाश गुप्ता, आरके अग्रवाल सुधा अग्रवाल, लीलावती अग्रवाल,



अग्र परिचायिका 2026 व अग्रसेन कैलेंडर का विमोचन हुआ।

प्रभा गुप्ता, अंजली गुप्ता हेमा अग्रवाल आदि बडी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के महामंत्री चंचल अग्रवाल ने बताया कि रविवार प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होने वाले परिचय सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जिला सम्मेलन के पदाधिकारी महिला समिति एवं युवा समिति के पदाधिकारी अपनी अपनी समितियां के कार्यो को अंतिम रूप देने में लगे रहे। मुख्य संयोजक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि हिरण मंगरी सेक्टर 13 स्थित आशीष वाटिका में होने वाले इस समारोह मे राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायमूर्ति विनीत कुमार माथुर मुख्य अतिथि होंगे जबकि मुख्य वक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के पूर्व न्यायमूर्ति मनोज गर्ग होंगे वहीं श्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता जिला एवं सेशन न्यायाधीश उदयपुर कार्यक्रम के अति सम्मानित अतिथि होंगे, वही समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता करेंगे।

उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के जिला अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने बताया कि प्रात: 8 बजे से पंजीकरण का काम महिला समिति द्वारा किया जाएगा बाहर से आने वाले और उदयपुर से आने वाले सभी प्रत्याशियों को किट दिया जाएगा जिसमें परिचय सम्मेलन की सभी आवश्यक सामग्री होगी। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ होगा एवं मंच पर युवक और युवतियों के बारी बारी से परिचय दिए जाएंगे। संपूर्ण परिसर में विभिन्न प्रकार के ब्लॉक बनाए हैं जिसमें मंत्रणा कक्ष ,ज्योतिष कक्ष, आदि अनेक व्यवस्थाएं समाज की और से की गई है।

## चोरी की वारदात का खुलासा

**डूंगरपुर**, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की 23 वारदातों का खुलासा करते हुए शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके एक नाबालिग साथी को भी हिरासत में लिया गया है। ये चोर शहर और आसपास के सुरपुर तथा बलवाडा गांवों के निवासी हैं,जिन्होंने दुकान, घर,स्कूल और केबिनों को निशाना बनाया था।

कोतवाली सीआई अजय सिंह राव ने बताया कि पिछले कुछ समय से शहर और आसपास के इलाकों में चोरी और नकबजनी की घटनाएं बढ रही थीं। इन वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बदमाशों की धरपकड के प्रयास तेज कर दिए थे। पुलिस जांच के दौरान, चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले संदिग्ध मुकेश पुत्र लखमा कोटेड मीणा निवासी सुरपुर फला सामीतेड और गोविंद पुत्र नाना बरांडा मीणा निवासी बलवाडा मदा फला को पकडा गया। दोनों आरोपियों ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर 23 चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। आरोपियों ने बताया कि वे शहर से सटे गांवों के रहने वाले हैं और रात के समय सुनसान घरों, दुकानों, केबिनों और स्कूलों को निशाना बनाते थे। उन्होंने खेरी मोड पर एक दुकान, बोरी केतन फला में एक केबिन से परचूनी का सामान, भंडारिया स्कूल से खेल सामग्री, मित्र निवास सरकारी स्कूल और चक महुडी स्कूल से गैस सिलेंडर और चूल्हा समेत कई जगहों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेलमगरा का औचक निरीक्षण करते सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल।

**राजसमंद**, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेलमगरा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गवारडी का औचक निरीक्षण किया तथा चिकित्सा संस्थानों पर आमजन को दी जा रही चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र चैधरी से निती आयोग द्वारा निर्धारीत स्वास्थ्य सूचकांको पर विशेष ध्यान देकर प्रगति के लिये निर्देशित किया।सीएमएचओ ने निर्देशित किया की नीति आयोग द्वारा निर्धारित गर्भवती महिलाओं का 12 सप्ताह पूर्व पंजीयन, संस्थागत प्रसव, ढाई किलो से कम वजन वाले बच्चो की संख्या, नेशनल क्वालिटी एश्योरंस स्टेण्डर्ड के तहत चिकित्सा संस्थानो चयन, उच्च रक्तचाप और शुगर की जांच के साथ ही टीबी की जांच को लेकर नियमित समीक्षा करें।

## 60 लाख रूपये की स्मैक बरामद

**बांसवाड़ा**, (निसं)। दानपुर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 550 ग्राम स्मैक जब्त की जिसकी कीमत लगभग 60 लाख रूपये आंकी जा रही है। पुलिस ने परिवहन में उपयोग ली गयी मोटर साइकिल भी जब्त की है जबकि दो युवाओं को गिरफ्तार किया है। दानपुर थानाधिकारी लक्ष्मीचंद वर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशन एवं एएसपी नरपत सिंह रावल एवं पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के सुपरविजन में दानपुर थाने की टीम गठित की गयी। इस टीम ने प्रतापगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य की तरफ से आने वाले मार्गों में सतत निगरानी रखी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने घोडी तेजपुर के सामने मुख्य मार्ग पर दो युवकों को स्मैक ले जाते पकडा।



दानपुर पुलिस नेस्मैक परिवहन करने के दो आरोपी गिरफ्तार किए।

थानाधिकारी मय जाप्ते ने एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्तियों को आते हुए देखा जो नाकाबंदी देखकर वापस गाडी घुमाने लगे। जिस पर थानाधिकारी व जाप्ते ने उन्हें रोककर वापस घुमने का कारण पूछा तो दोनों घबरा गये और कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये। पीछे बैठे युवक के हाथ में स्टील की पानी की बोतल थी जिसे खोलकर देखा तो बोतल ऊपर से खाली थी मगर काफी वजनी महसूस होने पर संदिग्ध होने से दोनों से पूछताछ की गयी तो मोटर साइकिल चालक ने अपना नाम वीकलाल पुत्र हरीराम राणा निवासी टापरिया फरेड़ी थाना अरनोद जिला प्रतापगढ़ एवं दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश पुत्र कुशाल अमरोत निवासी पठान थाना सुहागपुरा जिला प्रतापगढ़ होना बताया।बोतल की जांच की गयी तो आधे हिस्से में ही तला नजर आने लगा। जब बोतल को हिलाकर देखा तो वजन महसूस होने पर जांच की गयी तो निचले हिस्से में जोड लगा हुआ दिखा जिसे काफी मशक्कत के बाद खोला गया तो अंदर प्लास्टिक की पारदर्शी थैली गांठ लगी मिली। जांच में 550 ठााम स्मैक भरी होना पाया। डिटेनशुदा दोनों युवाओं ने भी इसे स्मैक होना बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार इसे जब्त किया वहीं आरोपियों के कब्जे से मोबाईल एवं मोटर साइकिल को जब्त किया गया। इन लोगों ने यह स्मैक प्रतापगढ़ जिले के टापरिया फरेडी निवासी रमेश पुत्र हरीराम राणा मीणा से लाना एवं उसके कहे अनुसार घोडी तेजपुर के जगदीश नाम के युवक को देना बताया।

## मारपीट के बाद फूटा गुस्सा

**डूंगरपुर**, (निसं)। शहर की विजयगंज कॉलोनी से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। गत रात्रि को कॉलोनी में एक नाबालिग युवक के साथ सरेआम मारपीट की गई, जिसके बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्रि को करीब 8 बजे पुराना बस स्टैंड में सब्जी खरीद रहे एक 16 वर्षीय नाबालिग युवक पर कॉलोनी निवासी मंथन खटीक ने अचानक गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी हाथ में लोहे का भारी कडा पहने हुए था और बुलेट मोटरसाइकिल से मौके पर आया था। युवक किसी तरह जान बचाकर भागा और परिजनों को पूरी घटना बताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी विजयगंज कॉलोनी में रमेश,निहाल, राजू और मंथन खटीक सहित इनके साथ बाहरी युवकों द्वारा डूंगरपुर द्वारा कई बार लडाई-झगडे,मारपीट और दादागिरी की घटनाएँ की जा चुकी हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से परेशान होकर आज विजयगंज कॉलोनी के सभी लोग एकजुट होकर कोतवाली थाना पहुँचे और थाना अधिकारी अजय सिंह राव को सामूहिक रूप से लिखित शिकायत सौंपी। कॉलोनीवासियों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने की मांग की है

## मुस्लिम समुदाय कल मनायेगा कुंडा का त्यौहार

**उदयपुर**, (कासं)। जिले सहित देशभर में सोमवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा परंपरागत आस्था और श्रद्धा के साथ 22 रजब का कुंडा त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुस्लिम परिवार रविवार रात्रि से ही नियाज की तैयारियों में जुट जाएंगे।

मान्यता है कि इस्लामिक कैलेंडर के सातवें महीने रजब की 22 तारीख को अपनी सामर्थ्य के अनुसार तबर्रूक (प्रसाद) बनाकर हजरत इमाम हुसैन (अ.) के पडपोते और छठे इमाम, हजरत इमाम जाफर-ए-सादिक (अ.स.) की नियाज दिलाने से नेक हाजतें पूरी होती हैं। शहरभर में त्योहार को लेकर उत्साह का माहौल रहेगा।

घरों में विशेष रूप से मीठी पूडी और खीर तैयार की जाएगी, जिसे मिट्टी के बर्तनों (कुंडों) में रखकर नियाज दिलाई जाएगी। इसे ही 'कुंडों की नियाज' कहा जाता है।

## शिक्षक संघ शेखावत ने किया विरोध

**डूंगरपुर**, (निसं)। प्रशासनिक तानाशाही के सामने शिक्षा विभाग असहाय और मजबूर नजर आ रहा है ।बीच सत्र में 6 हजार प्रधानाचार्यो के तबादले किये गए दो माह तक उन्होंने कार्यग्रहण नहीं कियाएं एक चौथाई संस्था प्रधान न्यायालय की शरण में है।

अगले माह में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं ए और साढे छ: हजार से ज्यादा व्याख्याताओं के तबादले किए गए हैं, बडी संख्या में तबादले सजा के तौर पर किए गए हैं, ये लोग न्यायालय की शरण में जायेंगे और लम्बे समय तक स्कूलें खाली रहेंगी। बच्चों का कितना बडा नुकसान होगा। बहुत सी ऐसी स्कूलें हैं जहां से व्याख्याता को हटाकर दूसरी जगह लगा दिया गया,लेकिन उसके स्थान पर दूसरे व्याख्याता का पदस्थापन नहीं किया गया। जिलाध्यक्ष मणिलाल मालीवाड ने वताया कि भाई-भतीजावाद, विचारधारा, भ्रष्टाचार और राजनीति का रंग साफ तौर पर नजर आ रहा है। सवाल उठता है कि ये स्थानांतरण किसके हित में किये गए हैं, बच्चों के हित में तो ये स्थानांतरण नहीं किए गए हैं। तीन दिन पहले माननीय उच्च न्यायालय ने इस तरह के तबादलों को लेकर सरकार को फटकार लगाई थी,लेकिन सरकार माननीय न्यायालय की बात को भी गंभीरता से नहीं ले रही है। क्या यही लोकतंत्र का तकाजा ऐसी स्थिति में संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है।

# 'जो अपनी संस्कृति संस्कार को खो देगा वह अपने आप मिट जायेगा'

**उदयपुर**, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक कम्प्यूटर साईंस एण्ड इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से महाविद्यालय के सभागार में आयोजित फ्रेशर पार्टी लोगान 2025-26 का आगाज कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, निदेशक प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. भारत सिंह देवड़ा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीपदान कर किया।

विद्यार्थियों ने भारतीस संस्कृति के

> ■ 2047 तक विकसित के साथ सुविकसित, सुसमृद्ध, सुस्वस्थ भारत बनाने की जरूरत: सारंगदेवोत




राजस्थान विद्यापीठ में फ्रेशर पार्टी लोगान 2025-26 का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ आगाज हुआ। इस दौरान उत्कृष्ठ विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

विभिन्न रूपों को जीवन्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसकी शुरूआत गणपति वंदना से की। विद्यार्थियों ने राजस्थानी, पंजाबी एवं रिमिक्स गानों पर प्रस्तुतियॉ दे उपस्थित अतिथियों का मन मौह लिया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिता को पार करते हुए पीजी में अंकुर सुखवाल मिस्टर, रिंकु मिस फ्रेशर, यूजी में नवीन वैष्णव मिस्टर, यशस्वी सिंह हाडा मिस फ्रेशर चुनी गयी। शब्बीर, कोमल पालीवाल, मोहम्मद शमी, ज्योति कुमावत रनरअप रहे।

समारोह में महाविद्यालय आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि हम कितने भी आधुनिक हो जाये लेकिन अपनी भारतीय संस्कृति एवं परम्परा को न भूले। जो अपनी संस्कृति संस्कार को खो देगा वह अपने आप मिट जायेगा। विज्ञान और तकनीक का मानवीय संवेदनाओं के साथ संतुलन ही हमें नई उन्नति और समग्र विकास की दिशा में ले जाएगा। 2047 तक विकसित भारत के साथ सुविकसित, सुसमृद्ध, सुसंस्कृत और सुस्वस्थ बनाने की जरूरत है। हमें अपने प्रत्येक कार्य के प्रति सजग और उत्तरदायी होना चाहिए, जिससे उसके सकारात्मक प्रभाव हमारे जीवन में परिलक्षित हों। उन्होंने युवाओं को अपने सपनों को आत्मसात करने तथा उन्हें साकार करने के लिए निरंतरता और पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। प्रारंभ में निदेशक प्रो. मंजु मांडोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समारोह की जानकारी एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. प्रदीप सिंह शक्तावत, डॉ. दिलीप चौधरी, दुर्गाशंकर, मुकेश नाथ, मनोज यादव, चिराग दवे विभागाध्यक्ष व विद्यार्थियों ने समारोह का लुत्फ उठाया।

## सार-समाचार

### टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**डूंगरपुर**, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के सरकन घाटी में कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की 8 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम का माहौल है। पुलिस ने आज शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। सदर थाना एएसआई ने बताया कि 2 जनवरी को नेशनल हाईवे 927ए पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार मेहुल पुत्र लालशंकर पाटीदार निवासी खूंटवाडा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डूंगरपुर अस्पताल से परिवार के लोग अहमदाबाद अस्पताल लेकर गए थे। बाद 7 जनवरी को। उसे वापस डूंगरपुर अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया था। इलाज के दौरान शुक्रवार रात को मेहुल की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में मातम पसर गया। ज्ञात रहे कि मेहुल इकलौता बेटा था और वह गुजरात से बीटेक कर रहा था। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही जारी है।

### बाइक ऑन रेंट केंद्र का अवलोकन किया

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार के नवाचार को-ऑप राइड, बाइक ऑन रेंट सेवा की सहकारिता के केंद्र और राज्य के आला अधिकारियों ने जमकर प्रशंसा की। राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में आए इन अधिकारियों ने सहकारिता भंडार के बाइक ऑन रेंट केंद्र का अवलोकन किया और इसकी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। राजस्थान मे पहली बार उदयपुर भण्डार द्वारा किये गये इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए इस कार्य को राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र मे एक अनुकरणीय कार्य बताया। भंडार महाप्रबंधक डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि उदयपुर मे सहकार से समृद्धि के विजन को आगे बढ़ाने के लिये आयोजित राज्यों केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय की दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में भाग लेने केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय संयुक्त सचिव सिद्वार्थ जैन, अतिरिक्त सचिव सहकारिता मंत्रालय पंकज कुमार बंसल, एवं प्रदेश की सहकारिता सचिव एवं रजिस्ट्रार आनन्दी सहित अन्य अधिकारी उदयपुर आए। इस दौरान उन्होंने सहकारी उपभोक्ता भंडार का विजिट किया और भंडार के कार्यो की प्रशंसा करते हुए अपने सुझाव भी दिए। डॉ. प्रमोद कुमार ने सुपरमार्केट के सभी उत्पादो की जानकारी दी एवं नयी कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने अवगत कराया कि उदयपुर भण्डार की ओर से राज्य सरकार की योजना के तहत मोटा अनाज (श्री अन्न) के 12 आउटलेट संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितिया गुंजन चौबे, क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी सहकारी समितिया आशुतोष भट्ट एवं विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी का मामला

**डूंगरपुर**, (निसं)। डबोक थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडित की बस के कूटरचित दस्तावेज से परमिट लेकर यात्राबस चलाकर धोखाधडी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गणेश लाल पुत्र मोतीलाल पुरोहित निवासी अनुपपुरा नउवा ने चिरवा सुखेर निवासी भरत मैनारिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी बस अनोपपुरा में गत दिनों से खड़ी हैं। जिसके कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आरोपी अपनी बस पर मेरी बस के दस्तावेज से बस को यात्रा पर ले गया। गत दिनों मुझे मोबाईल पर टोलटेक्स मैसेज व अन्य जानकारी मिलने पर इसका पता चला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच डबोक थाना एएसआई शिवदत्तसिंह को सौंपी है।

### मंदिर से छत्र व नकदी चोरी

**डूंगरपुर**, (निसं)। शहर के डबोक थाना क्षेत्र में मंदिर का चोर ताला तोड़ कर जेवर व नकदी चुराले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित तारूलाल पुत्र उदा भील निवासी तुलसीदासजी की सराय ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि गांव में चारभुजा का मंदिर हैं। गत 6 जनवरी को अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़ चांदी का छत्र व अन्य जेवर तथा गल्ले से करीब 30-40 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल अर्जुनसिंह को सौंपी है।

### अवैध गांजा व अफीम सहित एक धरा

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक आशिमा वासवानी के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी करनाराम के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान पिन्टु पुत्र खेमराज निवासी विजनवास घासा को दबोच कर तलाशी ली तो उसके कब्जे में अवैध अफीम व गांजा मिला। इस पर उसे गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

### क्रिकेट में भल्लो का गुडा विजेता

**उदयपुर**, (कासं)। डांगी सेवा संस्थान खेल संघ उदयपुर के तत्वावधान में आयोजक ग्राम पुला द्वारा आयोजित 38वीं डांगी पटेल समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार समापन हुआ। महाराणा प्रताप खेल गांव स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भल्लो का गुडा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामरी को 6 विकेट से हरा कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। डांगी पटेल समाज की यह प्रतियोगिता 24 दिसंबर से शुरू हुई थी, जिसमें डांगी पटेल समाज की कुल 64 टीमों ने भाग लिया। कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी व अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं 13 व 14 जनवरी को ग्राम पुला में आयोजित की जाएंगी। समापन अवसर पर खेल संघ अध्यक्ष रामलाल डांगी, उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी, सचिव रमेश डांगी, कोषाध्यक्ष दूदाराम डांगी सहित दिनेश डांगी, अनिल डांगी, प्रवीण डांगी, गणेश डांगी, प्रकाश डांगी, रमेश डांगी,पुष्कर डांगी सहित खेल संघ के अन्य पदाधिकारी और समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता कल से

**उदयपुर**, (कासं)। 69वीं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता पीएमश्री राजकीय फतह उमावि सूरजपोल उदयपुर में आयोजित होगी। मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, पारस सिंघवी को प्रतियोगिता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय खेल कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसमें अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मोहनलाल मेघवाल संयोजक गजेंद्र आवोत, गोपाल सिंह आसोलिया , पुष्पेंद्र सिंह झाला राजेंद्र सिंह सारंग देवत भारत भूषण जोशी डॉ कमलेश गोवर्धन सिंह झाला रणवीर सिंह राणावत, डॉ.धर्मेंद्र सिंह शक्तावत, डॉ.दिग्विजय सिंह राणावत, महेश्वर पाल सिंह, संजय पांडे, दीपक व्यास, पन्नालाल जोशी आदि शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

### अवैध शराब से भरी कार जब्त

**उदयपुर**, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी हेमंत अहारी के नेतृत्व में गठित दनल ने नेशनल हाईवे 48 पर नाकाबंदी कर दो लाख रूपये मूल्य की अवैध शराब से भरी कार जब्त कर अभियुक्त प्रतापसिंह पुत्र दिताराम निवासी भूदर फला काटघाटी ऋषभदेव को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.11 ( ) Regin-II/2025/1488 दिनांक 6.01.26

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम आयड़ के खसरा नम्बर 24, 25, 27, 28, 37, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 29/2637, 30/2638, 44/2555, 46/2559 के अनुमोदित योजना प्लान में स्थित भूखण्ड संख्या 15 क्षेत्रफल 900.375 वर्गफीट के नियमन हेतु मोहम्मद सोहेल पिता मोहम्मद शफी एवं मोहम्मद आबिद पिता मोहम्मद अय्युब, निवासी-94, गली नंबर 6, चमनपुरा, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: वर्णित भूखण्ड का पट्टा-विलेख आवेदक मोहम्मद सोहेल पिता मोहम्मद शफी एवं मोहम्मद आबिद पिता मोहम्मद अय्युब के पक्ष में किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर